सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

★वेब चैनल ★यूट्यूब न्यूज ★1 लाख लोग

वर्ष.- 5 अंक - 29 Reg no-4-000-1393 धनबाद, शुक्रवार, 26 जुलाई,2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE
COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# धनबाद पहुंचे कोयला मंत्री किशन रेड्डी,साथ में थे धनबाद सांसद

**बलियापुर:** देश के कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी का दौरा धनबाद के विभिन्न क्षेत्र में थे से जिसमे कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी गुरुवार को बेलगड़िया टाउनशिप में स्थित मल्टी स्किल डेवलपमेंट ईंस्टिट्यूट में पहुंचे। प्रशिक्षण आर्थियों को संबोधित करते हुए जैसे ही वह बाहर निकले तो टाउनशिप के लोगों ने कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप में लोगों को 15 वर्ष पूर्व बसा दिया गया है। वहां किसी प्रकार के सुविधा उपलब्ध नहीं है।




बिजली, पानी, नाली, समेत अन्य समस्याएं हैं। बीसीसीएल व जरेडा के अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन देने के बाद भी इस दिशा पर सकारात्मक पहल नहीं की गई। वहां के विस्थापितो का प्रमुख समस्या रोजगार है। रोजगार नहीं रहने से विस्थापित पलायन कर रहे हैं। बने भवन जर्जर हो गए हैं। हादसा होने की संभावना है। इस दौरान सीमा देवी, बबलू बाउरी अनिता देवी, सत्येन्द्र गुप्ता, उपेन्द्र सिंह, सुधांशु प्रसाद, कविता देवी आदि ने समस्याएं रखीं। आवेदन देकर समस्या के समाधान करने की मांग की। मंत्री ने समस्याओं के समाधान करने का भरोसा लोगों को दिया।

**मंत्री ने प्रशिक्षणार्थियों को किया संबोधित** -- मल्टी स्किल डेवलपमेंट इस्टिट्यूट मे मौजूद प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा मे बेहतर कदम उठा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार करें सरकार हर तरह की सुविधा देगी।

**प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने दिया ज्ञापन** -- सूरूंगा मे बीसीसीएल द्वारा रैयत खेत पर ओबी डंप किए जाने से प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कोयला मंत्री व सांसद ढुलू महतो को ज्ञापन दिया। कहा कि बीसीसीएल द्वारा मनमानी कर रही है। बिना वार्ता किए ही रैयते की जमीन अधिग्रहण कर रही हैं। मौके झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, राधेश्याम रजक आदि मौजूद थे।

# धनबाद पुराना बाजार मे चला निगम का बुलडोजर




धनबाद :धनबाद नगर निगम ने बुधवार को पुराना बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. एक दिन पहले मंगलवार को ही इलाके में इसकी मुनादी कराई गई थी. संकरी हो चुकी पुराना बाजार की सड़क अतिक्रमण हटाने के बाद चौड़ी लगने लगी है.

अभियान के दौरान निगम को आम लोगों का भी सहयोग मिला. ज्ञात हो कि निगम की इंफोर्समेंट टीम ने मंगलवार को बाजार में 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने की मुनादी कराई थी. निगम की टीम ने बुधवार को बुलडोजर चलाकर पुराना बाजार की करीब 40 दुकानों को तोड़ दिया, या फिर हटवा दिया. बुलडोजर देख दुकानदारों ने अपने छज्जे उतार लिये. ठेले-खोमचे वाले भी हट गए. फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि जाम से जूझ रहे आम लोगों ने भी इस अभियान में काफी सहयोग किया है. मौके पर बैंक मोड़ पुलिस भी मौजूद थी. बुधवार को शहर के पुराना बाजार में 40 दुकानों का छज्जा टूटने के बाद बीच में ही अतिक्रमण हटाओ अभियान रुक गया. कुछ दुकानदारों की अपील पर छज्जा और शेड हटाने के लिए उन्हें दो दिन की मोहलत दी है. फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पुराना बाजार की सड़क 40 फीट चौड़ी है, लेकिन अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है. नाले के ऊपर दुकानदार चौकी लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं. दुकान के बाहर शेड लगा दिया है. अभियान के बाद यदि दोबारा दुकानें लगीं, तो वैसे दुकानदारों पर जुमार्ना के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. बाजार में पानी टंकी से रेलवे फाटक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया.

JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY

Koylanchal Academy

(A Unit of Pragati Path)

ADMISSION OPEN

Diploma in
- Computer Application
- Management
- GIS
- Banking & Insurance
- Regional Language
- Urdu Language
- Counseling
- Digital Marketing
- Health Sanitary Inspector
- Bedside Assistant
- Project Management
- Marketing Management
- Naturopathy
- Yoga
- Nursery Teacher Training
- Rural Management
- First Aid Specialist
- Public Health Guard
- Vocational (Logistics)
- Amanat and Surveying

Certificate in
- E-Commerce
- Legal Awareness
- Rural Development
- Media Management
- Mass Communication
- Vocational (Logistics)

PG Diploma in
- Management
- Human Resources (HR)
- Rural Development
- Information Technology (IT)
- Computer Application

KOYLANCHAL PUBLIC SCHOOL CAMPUS, KPS Road, Simaldih, Telipara, Hirapur, Dhanbad.

7520092700
8877000860

www.jsoudhanbad.in
jsoudhanbad@gmail.com




# भाकपा माले और मासस के विलय पर बनी सहमति

- **दोनों संगठनों की केंद्रीय कमेटियों के प्रतिनिधि।**
- **एकजुटता के साथ मजबूती पैदा करेगा**



**सिंदरी:** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) का भाकपा माले के साथ विलय के प्रस्ताव पर देनों संगठनों की केंद्रीय कमेटियों के प्रतिनिधिमंडल के बीच रांची के पुराने विधानसभा सभागार में बातचीत बुधवार को हुई,उक्त जनकारी मासस के केन्द्रीय महासचिव हलधर महतो ने दिया।उन्होंने बताया कि दोनों पार्टियों के केंद्रीय नेतृत्व के बीच हुई बैठक में कई विचारों और पार्टी लाईन पर सहमति बनी, इसके बाद विलय की प्रक्रिया पर जल्द ही अंतिम फैसला मासस की केंद्रीय कमेटी और भाकपा माले के पोलित ब्यूरो की बैठक में लेने की बात कही गयी। मासस के महासचिव

हलधर माहतो और भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य मनोज भक्त ने हस्ताक्षर किये दोनों ही पार्टियों में आपस में विलय को लेकर वर्ष 2021 से ही बातचीत चल रही थी। माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मार्क्सवादी समन्वय समिति मासरा का भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन (भाकपा माले) के साथ विलय फासीवाद विरोधी अदिलन को नयी ताकत देवा और कम्युनिस्ट आंदोलन को बल मिलेगा। बैठक में ये हुए शामिल वालों में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, कुणपाल, जनार्दन प्रसाद, माले विधायक विनोद सिंह,मनीज भरू और मासस के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, महासचिव हलधर महतो, केंद्रीय सचिव मिथलेश सिंह, केंद्रीय कमेटी सदस्य बब्लू महतो, हरि प्रसाद पायू, बसंत कुमार, राजेंद्र गोप, निताई महतो, दिलीप तिवारी, सुशांती, वरिष्ठ नेता विश्वनाथ, अम्ल कुमार मिश्रा, टी मुखजों, पवन माती, सारथी मंडल, लालमोहन महतो, कृष्ण प्रसाद माहती, भूषण माती, राजू महतो, सपुर गोराई, चिंटू विश्वकर्मा, मनोज कुमार राउत, बावल बाउरी सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे।


*मुहर्रम के अवसर पर...*

*डिम्पल चौबे*

*अध्यक्ष*
*जेबीकेएसएस महिला मोर्चा धनबाद महानगर*

*आप सभी झारखंडीवाशियों को जोहार*

# पत्रकार दीपक दुबे को ट्रेड यूनियन के लोग सहायता राशि देकर मदद की

**तिसरा:** लिवर सिरोसिस जैसे गंभीर बीमारी से जूझ रहे तीसरा क्षेत्र के पत्रकार दीपक कुमार दुबे के आवास पर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण पाठक ,सचिव अक्षय कुमार यादव एवं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के क्षेत्रीय सचिव तुलसी रवानी, छेदी लाल यादव अपने समर्थक के साथ पहुंचे। जनता मजदूर संघ की ओर से उनके इलाज के लिए 40 हजार रुपया आर्थिक सहायता की गई जबकि बिहार कोलियरी कामगार यूनियन गोलकडीह की ओर से 21 हजार रुपया सहायता की गई।





बताते हैं कि दीपक कुमार दुबे को डॉक्टर ने लिवर बदली करने की बात कही है हैदराबाद से उनका इलाज चल रहा है जिसमें लगभग 40 लाख रुपए का खर्च है। मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है लेकिन धनबाद जिला के सिविल सर्जन ने दीपक दुबे के फाइल को रिजेक्ट कर दिया उनका कहना है कि एस्टीमेट सी जी एच एस के तहत देना होगा है जबकि हैदराबाद अस्पताल की ओर से यह नहीं दिया जा रहा है ऐसे में दीपक दुबे का मुख्यमंत्री के तहत इलाज होगा कि नहीं यह समझ से परे है दिन प्रतिदिन उनका स्थिति खराब होते जा रहा है यदि जल्द से जल्द उनका लिवर ट्रांसप्लांट नहीं हुआ तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। इधर रामकृष्ण पाठक ने कहा कि इस मामले में विधायक पूर्णिमा सिंह को सारी स्थिति से अवगत कराऊंगा और सरकार से बात करने का अनुरोध करूंगा ताकि उनका मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज हो सके। मिलने वालों में जनता मजदूर संघ के शिव शंकर महतो, बबलू सिंह, रमेश राम, सुजीत सिंह राजू राय, राकेश सिन्हा, केसर सिंह यादव, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के लुकू हेंब्रम, अभिजीत हलधर,रोहन भुइयां, प्रदीप रवानी, बाबूलाल विश्वकर्मा, बलराम यादव, दिलीप नाग, मनोज कुमार सिंह, दीनानाथ बेलदार, चंदा देवी आदि मौजूद थे। दोनों संगठन के लोगों ने समाज के अन्य लोग एवं यूनियन प्रतिनिधि से सहायता करने की अपील की है।

# श्रावणी मेला के दौरान धनबाद स्टेशन में बढा चोरों का आतंक, पुलिस ने दबोचा 7 अपराधी

- **मोबाइल के साथ कई वस्तुएं हुए बरामद**



**धनबाद :** राजकीय रेल थाना अंतर्गत धनबाद रेलवे स्टेशन से सात मोबाइल चोर को चोरी करते पुलिस ने पकड़ा आज प्रेस वार्ता कर रेल डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका एवं राजकीय रेल थाना प्रभारी धनबाद रंजीत कुमार ने जानकारी दी रेल डीएसपी धीरेंद्र नारायण बांका ने मीडिया को बताया कि धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर में श्रावणी मेला को लेकर आने-जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल पुलिस अधीक्षक ने विशेष निगरानी रखने के लिए दिशा निर्देश जारी किया था। जिसको लेकर धनबाद स्टेशन के निर्देशन में स्टेशन पर विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी बीच बुधवार को प्लेटफार्म पर ड्यूटी करने वाले पुलिस पदाधिकारी को देखकर अज्ञात लोग भागने लगे। जिसमें पुलिस अधिकारियों ने कुल 7 लोगों को पकड़ा है। जिसकी तलाशी लेने पर लैपटॉप ,आईफोन मोबाइल, समेत कई अन्य सामान की बरामदगी हुई है। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम : सूरज कुमार वर्मा कतरास मोड़ झरिया, अरमान कुरेशी नया बाजार ईदगाह मस्जिद, सूरज सिंह भूली मोड़, मोहम्मद समीर खान बरईपुर 24 परगना पश्चिम बंगाल, रवि सिंह भूली मोड़, रवि कुमार गोपनापुर बलियापुर और सलामत गाजी तालही 24 परगना पश्चिम बंगाल की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने कई सामान बरामद किए वही डेल कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, माउस, एप्पल कंपनी का मोबाइल, उजाला रंग का चार्जर, वनप्लस कंपनी का मोबाइल एवं चार्जर, सैमसंग कंपनी का मोबाइल, जिओ फोन काला रंग का कीपैड, मोबाइल सैमसंग, कीपैड मोबाइल ब्लू रंग का, नोकिया कीपैड मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एसबीआई का कार्ड बरामद किया गया है। वही रेल पुलिस गिरफ्तार हुए व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है।

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलझकूद जीवन में बहुत जरूरी है



**टुंडी** :श्री राम कृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर टुंडी में आज शिक्षकों के द्वारा सभी बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न तरह का खेल खुद का आयोजन करवाया ' जिसमें सभी बच्चों ने उमंग और जोश के साथ इस आयोजन में अपना भागीदारी सुनिश्चित की मौके पर रतीलाल सर ,अमरनाथ दास ,निक्की कुमारी ,अस्मिता देवी,अनिल कुंभकार, अन्नु कुमारी,संगीता कुमारी ,राजेश चौधरी, विद्यालय प्रबंधन शीतल दत्ता आदि मौजूद रहे '

## निवर्तमान वार्ड पार्षद की अगुवाई में प्रारंभ हुई नाली का निर्माण



धनबादः नगर निगम वार्ड संख्या 11 में स्थित गन्साडीह 4नं मुहल्ले में हुए एक घटना ने लोगों में नई उम्मीद की किरण जगाई है। यहाँ पर सालों बाद एक नाली का निर्माण किया जा रहा है , जो पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। पहले यहां नाली की स्थिति बहुत खराब थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसे सुधारने के लिए साथ मिलकर प्रयास किया हैं। वार्ड संख्या 11 के निवर्तमान पार्षद बद्री रविदास ने उच्च अधिकारियों से बात की और यहां पर एक नाली का टिक पास करवाया तथा उन्होंने नारीयल फोड़कर सुचारू रूप से कार्य प्रारम्भ करायी , जिससे स्थानीय लोगों को स्वच्छता और नलस्वरूप नए संयम देखने को मिला। संवेदकों और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस समय लगभग सभी गाँववाले उपस्थित थे। उन्होंने इस उपलब्धि को एक महत्वपूर्ण कदम माना और आगे अन्य आधारभूत सुविधाएँ मांगीं।



# पदक विजेता प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियो, प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगद पुरस्कार राशि प्रदान करेंगी झारखण्ड सरकार




**रांची :** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/ प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियों/ प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगद पुरस्कार राशि प्रदान किया जाएगा। झारखंड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने 01 अप्रैल 2023 के बाद अंतर्राष्ट्रीय /भारतीय ओलंपिक संघ में मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय /राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किए हो अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अर्हता आधारित करते हो उनसे नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त विभागीय संकल्प के आधार पर राज्य के अहतार्धारी खिलाड़ी प्रशिक्षक विहित प्रपत्र में नगद पुरस्कार राशि हेतु दिनांक 6 अगस्त 2024 तक जिला खेल कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि है। इससे संबंधित अधिक जानकारी खेल निदेशालय के पोर्टल ˆ३३ह्र२://२ह्रङ्क१३२ॅ१ˆल्लीं.ङ्क ५.ल्ल से प्राप्त किया जा सकता है।

# झारखंड आन्दोलन कारी मोर्चा के प्रदेश प्रमुख संयोजक देबू महतो ने सीएम एंव विधान सभा अध्यक्ष को मांग पत्र सौपा



**धनबाद : झामुमो के वरीय नेता सह झारखंड आन्दोलन कारी मोर्चा के प्रदेश प्रमुख संयोजक देबू महतो के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री एंव विधान सभा अध्यक्ष से मिलकर झारखंड आन्दोलन कारी साथियों के प्रमुख रुप से एक मांग पत्र सौपा जिसमे चिन्हित झारखंड आन्दोलन कारी साथियों के कडिका बिलुप्त करते हुए सभी को सामान सुविधा मुहैया कराने की बाते कही गई है सम्मान पेंशन को बढ़ोतरी करते हुए बारह हजार प्रतिमाह करने तथा सम्मान पेंशन योजना को गैर योजना मद से हटा करा राज्य सरकार की कमीयी के भांति योजना मद में समाहित** करने के साथ प्रत्येक जिला में शहीद भवन स्थापित करने की मांग की गई विधान सभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो ने अश्वशत करते हुए कहा कि आन्दोलन कारी साथियों को सम्मान पेंशन को बढना चाहिए उन्होने मोर्चा के सभी मांगो पर उचित फैसला का भरोसा दिए हैं प्रतिनिधि मंडल मुख्य रुप से नारायण महतो उमा यादव बंसीधर महतो किशोर महतो अशोक कुमार महतो मुकेश कुमार सिंह करुणा देबी कलावती देबी दुलाल महतो आदि.

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु प्रसाद गुप्ता ने कोयला मंत्री को ज्ञापन सौंपा



**बलियापुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु प्रसाद गुप्ता के द्वारा कोयला मंत्री किशन रेड्डी को बैलगाडिया के विभिन्न समस्याओं से आवगत करवाया और वही कॉलेज अध्यक्ष रोहित बनर्जी ने कॉलेज के जर्जर स्थिति के बारे मे उन्हें आगवत करवाया और सौंपा ज्ञापन उन्होंने यह आश्वासन दिया की जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा मौके पर मौजूद रोहित बनर्जी,रोहित साव, गोलू कुमार, सीखा कुमारी, प्रियंका कुमारी और दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे.

# सिटी सेंटर के पास चलाया जागरूकता अभियान



**धनबाद :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार गुरुवार की संध्या सिटी सेंटर के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान लोगों को हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाने, रॉन्ग साइड पर वाहन नहीं चलाने, ओवरस्पीडिंग नहीं करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की जानकारी दी गई।

साथ ही गुड सेमेरिटन (नेक नागरिक) की जानकारी दी गई।

मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, परिवहन कार्यालय के कर्मी तथा ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहे।






# टासरा बस्ती की महिला ने गांव के ही साधू मंडल, शिबू मंडल गवर्धन मंडल के खिलाफ धमकी, मारपीट एवं छेडखानी करने का शिकायत की

**सिंदरीः** टासरा बस्ती निवासी महिला ललिता मंडल ने गुरुवार को गौशाला ओ पी प्रभारी के नाम पर अनलाइन लिखित आवेदन देकर गांव के ही साधू मंडल,शिबू मंडल गवर्धन मंडल के खिलाफ धमकी, मारपीट एवं छेडखानी करने का शिकायत किया है। लिखित आवेदन पर उन्होंने कहा है कि कल बुधवार दिनांक 24/07/2024 रात्रि लगभग 7.30 बजे अचानक गाँव के ही साधू चरण मंडल उम्र 55 वर्ष, शिबू मंडल उम्र 48 वर्ष, गोवर्धन मंडल उम्र-42 वर्ष सभी का पिता स्व० केवल मंडल सभी निवासी ग्राम टासरा बस्ती पो- मोतीनगर, थाना- सिंदरी, मेरे घर में आकर मेरे देवर, काली पद मंडल एवं



प्रकाश मंडल के साथ मारपीट करने लगा तथा जान से मारने की धमकी देने लगा। जब मै तथा मेरी देवरानी चिन्ता मंडल बीच बचाव करने आई तब तीनो भाईयों ने हमदानों के साथ भी मारपीट करना आरम्भ कर दिया तथा भद्दी-भद्दी गाली देते हुए साथ ही दुव्यवहार करने लगा, सभी गाँव में स्थित अधुरा काली मंदिर का हिसाब मांग रहे है, जबकि तीनो भाईयों का मंदिर निर्माण में कोई हाथ नहीं रहा है। पूर्व में मंदिर में छत ढलाई करने की बात थी जबकि गोवर्धन मंडल जोर- जबरदस्ती एडवेस्टर शीट बढ़ाने पर आमादा है। अतः श्रीमान से सादर अनुरोध है कि कृपया इस पर उचित कार्यवाही करने का कृपा करे।

## गायत्री क्लिनिक आमटाल में निःशुल्क ब्लड प्रेशर कैंप का हुआ आयोजन

**बलियापुर :** गायत्री क्लिनिक आमटाल में हृदय पंचायत के तहत आमटल पंचायत में मैनकाइंड फार्मा कंपनी के माध्यम से निःशुलक ब्लड प्रेशर कैंप का आयोजन किया गया। इस सिविर में डॉ. राजेश कु सिंह ने 50 मारिजों का इलाज और मुफ्त दवाओं का वितरण किया है। साथ ही उन्होंने सिविर में ब्लड प्रेशर के उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया। आए हुए सभी लोगों से डॉक्टर ने कहा कि पहले की तुलना में आज कम उम्र के नवजवान भी ब्लड प्रेशर के शिकार हो रहे हैं। जैसे



अगर सही समय पर इलाज नहीं करवाया गया तो आगे काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जैसे की शुगर, दिल का दौरा या स्ट्रोक।

मौके पर डॉ. राजेश कुमार सिंह और मैनकाइंड फार्मा कंपनी के तरफ से राजीव रंजन, सौरव पाठक उपस्थित थे।

## दूसरे दिन बी.टेक पाठ्यक्रम में बीआईटी सिंदरी में नामांकन

**सिंदरीः** बीआईटी सिंदरी में बी.टेक पाठ्यक्रम के लिए 25 जुलाई को दूसरे दिन नामांकन हुआ। आज कुल 111 छात्रों ने प्रवेश लिया। इस प्रक्रिया का संचालन निदेशक डॉ. पंकज राय और निम्नलिखित संकाय सदस्यों की देखरेख में किया गयाः संकायाध्यक्ष डॉ. डी. के. तांती, प्रभारी पदाधिकारी डॉ. डी. महतो, डॉ. जे. एन. महतो, डॉ. आर. के. वर्मा, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह और प्रो. प्रवीण कुमार। अन्य पदाधिकारीः डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. राजेंद्र मुर्मु, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. राजेश नारायण



देव, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. अभिषेक आनंद हेम्ब्रम और प्रो. मनीष कुमार। कर्मचारीः श्री अभिषेक कुमार, श्री सन्नी भूषण, श्री सन्नी कुमार, श्री मुकेश कुमार सिंह, श्री सुमित सौरभ, श्री पी. के. मिश्रा, और श्री बिनेश्वर प्रसाद की देखरेख में किया गया।



# अपनी और अपने भविष्य की जिंदगी बचानी है तो पौधा लगाते रहें : ए.के. मंजूल

■ **एक पेड़ मां के नाम पर विशप रॉकी हाई स्कूल में 150 पौधे लगाए गए**




**गोमो :** विशप रॉकी हाई स्कूल में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत तोपचांची वन प्रमंडल के तत्वावधान में करीब डेढ़ सौ पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वन विभाग के एसीएफ अजय कुमार मंजूल ने कहा कि छात्र देश का भविष्य है। वे देश की सेवा तो कर ही सकते हैं लेकिन अपनी सही सोच से इस धरा की भी सेवा कर सकते हैं। इसलिए आज के बच्चे यदि अपनी, हमारी और अपने भविष्य की जिंदगी को बचाना चाहते हैं तो जागरूक होकर पौधरोपण करते रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते रहें। इस अवसर पर सहयोग फाउंडेशन की ओर से भी बच्चों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली के बच्चों ने लघु नाटक के माध्यम से बताया कि कैसे एक लकड़हारा पेड़ों को काटता है बाद में वहीं पेड़ उसकी बेटी की जिंदगी बचाने के काम आता है। नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि पेड़-पौधे हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मंजूल ने बच्चों को बताया कि प्रकृति ने हमें सिर्फ देने का काम किया है और हम उसे सिर्फ लेते रहे हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि हमने प्रकृति को क्या दिया है। पेड़-पौधों में जीवन है इसलिए उसे अपनी जीवन की तरह देखें और उसकी सेवा करें। आज जनसंख्या जिस गति से बढ़ रही है उस गति से वनों की संख्या नहीं बढ़ रही है इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाएं। कार्यक्रम में सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़े और आगे बढ़े लेकिन साथ ही जिस तरह अपनी मां की सेवा करते हैं उसी तरह पेड़-पौधों की भी सेवा करें। कार्यक्रम में जुएल दास, लिलि विनिता सिंह, बीसी राय, शाकिर अली, सुधीर उपाध्याय, रोमी ए ठाकुर, डॉली शर्मा, एसआर टिर्की, आरके सिंह इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## गोविंदपुर अंचल अधिकारी ने रातभर थाना के विभिन्न इलाकों में बालू ट्रैक्टर पकड़ने के लिए छापेमारी की




गोविंदपुर : गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बुधवार रातभर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बालू ट्रैक्टर पकड़ने के लिए छापेमारी की, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली । बताया जाता है कि अंचल अधिकारी अपने प्राइवेट ड्राइवर के साथ गोविंदपुर के बरियो मोड़, साहिबगंज रोड मोड़, गोविंदपुर ऊपर बाजार मोड़, लालबंगला मोड़, जीटी रोड, टुंडी रोड, बलियापुर रोड आदि क्षेत्रो में रात भर भ्रमण करते रहे । वह बालू ट्रैक्टरों को पकड़ने के प्रयास में थे परंतु रात भर जागने के बाद भी उन्हें एक भी बालू ट्रक और ट्रैक्टर हाथ नहीं लगे। सूत्रों के अनुसार अंचलाधिकारी को यह जानकारी मिली थी कि रात के अंधेरे में विभिन्न सड़कों होकर बालू नदी ट्रैक्टर गुजरते हैं । इसी के लिए उन्होंने रात भर छापेमारी की योजना बनाई थी। दो दिनों पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बालू लगा एक ट्रैक्टर को जप्त किया था। इसके बाद अंचल अधिकारी ने भी बालू ट्रकों को ट्रैक्टरों को पकड़ने की योजना बनाई । इसी क्रम में उन्होंने रात भर बालू गाड़ी पकड़ने के लिए विभिन्न सड़कों की छान मारी, परंतु उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी।

## जिला ग्रामीण भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा की बैठक गोविंदपुर में संपन्न



**गोविंदपुर :** जिला ग्रामीण भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा की बैठक गुरुवार को हरदेवराम स्मृति भवन में महादेव कुंभकार की अध्यक्षता में हुई। इसमें मोर्चा के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा लोकसभा चुनाव में अपने मतदान केंद्र में बढ़त दिलाने वाले कार्यकताओं का आभार जताया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात, गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में भागीदारी तथा नए मतदाताओं का नाम 9 अगस्त तक जुड़वाने का निर्णय लिया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रत्येक क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय हुआ। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की। संचालन महामंत्री राजेश कुमार दास एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष तालेश्वर प्रसाद साव ने किया। उपाध्यक्ष सुमिता दास, मीडिया प्रभारी विश्वनाथ पाल, विपिन चंद्र मंडल, विवेक मोदक , मदन प्रमाणिक, शंकर दा, दशरथ मंडल, रविकांत शर्मा, सुनील शर्मा, वीरेंद्र कुमार प्रसाद, महादेव कुमार, काशीनाथ साहू, राजकिशोर कुंभकार, अनिल कुमार, गोविंद यादव, चंडी प्रसाद महतो, सुशील मंडल, संदीप मंडल, बलराम महतो, शक्तिपद गोराई आदि शामिल थे ।





# विद्यालय रसोईया संघ जिला कमेटी गोड्डा के द्वारा आमरण अनशन किया गया




बासु कुमार

**गोड्डा** : झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी गोड्डा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत रसोईया एवं संयोजिका को हटाने जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन आयोजित कार्यक्रम जिला मुख्यालय अशोक स्तंभ पर दिनांक 25 जुलाई 24 के 1वजे से प्रारम्भ हैं इस आमरण अनशन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी एवं मो शुशीला, अनिश्चित कालीन आमरण-अनशन पर बैठ गई। मनोज कुमार कुशवाहा जी के नेतृत्व में आमरण अनशन पर रसोईया ने कहा जब तक कुर्मीचक मध्य विद्यालय से जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया द्वारा हटाएं गई है जिनको लेकर पुरे जिले में रसोईया व संयोजिका में काफी आक्रोश है। सरकार के नियम को ताख पर रख कर रसोईया को हटा दिया गया है। जबकि रसोईया 60 बर्षेतक के लिए बहाल हुई है परन्तु मनमानी तरीके से राजनीतिक कर हटाने की साज़िश कर हटा दिया गया है।

संघ का निर्धारित अनिश्चित कालीन आमरण-अनशन विधिवत चलता रहेगा। इसके बाद भी जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया हटाने की आदेश वापस नहीं लेंगे तो हम रसोईया 28/7/2024 को शहीद स्मारक पर आत्मदाह शाम 4 वजे करने को मजबुर हो जाउंगी। उक्त आमरण अनशन कार्यक्रम में जिला सचिव अनिता ठाकुर, उपाध्यक्ष रेखा देवी भाकपा-माले जिला सचिव राम दास साह,एक्टु राज्य उपाध्यक्ष अरुण सहाय, संरक्षक संजीव ठाकुर, राजो देवी, उर्मिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष अंजलि देवी,ललिता देवी, शिखा देवी,फादो देवी,शफीक अंसारी राम प्रवेश साह,चतुरी मांझी आदि दर्जनों संयोजिका रसोईया उपस्थित हैं।

## जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के नाम से साइबर अपराधियों ने बनाया फर्जी फेसबुक अकाउंट

- उपायुक्त ने जिलेवासियों से किया अपील,
- साइबर अपराधियों के झांसे में न आएं

**गोड्डा** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के नाम से फर्जी (फेक) फेसबुक आईडी बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर कतिपय व्यक्ति के द्वारा लोगों से राशि की मांग की जा रही है। इसी के मद्देनजर उपायुक्त जिशान कमर ने समस्त गोड्डा जिलेवासियों से अपील है कि उक्त फेक आईडी से प्राप्त संदेश या किसी प्रकार की राशि की मांग के झांसा में न आएं, उक्त फेसबुक आईडी उपायुक्त गोड्डा का नहीं है एवं यह साइबर अपराधियों के द्वारा बनाया गया है। कोई भी व्यक्ति उपायुक्त के नाम से बने इस फर्जी आईडी के झांसे में नहीं आएं और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई भी राशि हस्तांतरित ना करें। अगर इस तरह का कोई संदेश प्राप्त होता है, तो साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं जिला प्रशासन के द्वारा इस मामले पर समुचित कार्रवाई करने हेतु आवश्यक सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय को उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि जिलेवासी अपने विवेक से काम लेते हुए ऐसे संदेश को इग्नोर करें एवं प्रशासन को इसकी सूचना दें।

## पथरगामा प्रखंड के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र हटाने को लेकर की गई बैठक



**गोड्डा** : पथरगामा प्रखंड के अंतर्गत गांधी ग्राम उप स्वास्थ्य केंद्र का आज यहां से हटाकर दूसरे जगह शिफ्ट करने का जगह क्या जा रहा है चयनित वह उप स्वास्थ्य केंद्र एनएच 133 बीच रोड में आ जाने के कारण यहां से हटाकर दूसरे जगह पर शिफ्ट किया जाएगा ग्रामीणों को यही रहा मांग

गांधीग्राम उप स्वास्थ्य केंद्र हटाने को लेकर अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी के नेतृत्व में हुआ ग्राम सभा का आयोजन ' ग्राम सभा में सर्वसम्मति से गांधीग्राम मुख्य चौक स्थित गोचर जमीन पर उप स्वास्थ्य केंद्र बनाने का लिया गया निर्णय ' अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी ने स्थल का भी किया निरीक्षण ' मौके पर प्रमुख अवधेश साह , जिप सदस्य पूनम कुमारी, पूर्व उप प्रमुख रवि कुमार यादव सहित अंचल निरीक्षक अजय हांसदा , अमीन ध्रुव ज्योति आदि मौजूद रहे '

## महागामा प्रखंड अंतर्गत बारिश कम होने के कारण धान रोपाई में हो रहा है कमी



**गोड्डा**: महागामा प्रखंड के अंतर्गत आसपास के गांव में जितने भी हैं 50% वर्षा हुई है जो अब तक धान रोपाई में कमी आई है यहां के किसान बताते हैं की एक समय था जब बारिश हुआ करता था 7 से 15 दिन लगातार बारिश होती थी इस बार वर्ष बहुत कम हुई और धान रोपाई में हम लोगों को कठिनाई करना पड़ रहा है पानी का ना साधन होना यह भी एक दुर्लभ विषय है समय पर अगर पानी या वर्षा हो जाती तो यहां के किसानों को धन अच्छा रोपाई होता काफी मायूस किसान हो रहे हैं खेत धान रोपनी करने के लिए किसान अपने खेत में मोटर इत्यादि अपने साधन व्यवस्था करके खेतों तक पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं इस बार कड़ी मेहनत करना पड़ रहा है किसानों को एक खेत में काम से कम 2 से 3 दिन 4 दिन तक पानी देने में मोटर से लग रहा है भगवान इंद्रदेव कहां छुप गए हैं किसानों के चेहरों पर काम से कम खुशी ला दें किसान लालू महाराणा सुरेंद्र कुमार महेंद्र कुमार मांझी सोनू कुमार,आदि मौजूद रहे '

## गोड्डा विधायक के भाई सुमित मंडल ने चलाया जनसंपर्क अभियान अभियान



**गोड्डा** : गोड्डा विधायक अमित मंडल के अनुपस्थिति में उनके छोटे भाई सुमित मंडल ने बसंतराय प्रखंड के अलग अलग गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया , वही जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से मिले और समस्या को सुने और जल्द ही समाधान हेतु आश्वासन दिए , इस मौके पर सुमित मंडल के साथ साथ समाजसेवी सह युवा नेता नशीम भसानी , भाजपा अपसंखक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बॉबी आलम,सोनू सिंह,अशरफ इत्यादि मौजूद रहे.